Living the LOTUS
Buddhism in Everyday Life
11
2018
VOL. 158

Founder's Essay

संकल्प लेने का महत्व

मनुष्य मूल रूप से कमजोर इच्छाशक्ति का होता है। इसलिए हम वैसे कुशल कार्यों को करना चाहते हैं जिनसे हम परिचित हैं और हमें उन्हें करना चाहिए, परन्तु हम सभी शीघ्र ही आलस्य करने में आशक्त हो जाते हैं।

"चिड़िया के घोंसले वाले जेन मास्टर" दाओलिन के बारे में एक कहानी है। वे हमेशा पेड़ के खूब ऊपर बैठकर जेन ध्यान करते थे। एक विद्वान कवि बाइ जुइ, जिसे उस क्षेत्र का प्रशासक नियुक्त किया गया था, उनके पास गया और उनसे पूछा, "बौद्धधर्म किस प्रकार की शिक्षा है?" दाओलिन ने उसे ठीक ठीक वही कहा जो बौद्धर्म की शिक्षा में है: "अकुशल कार्यों से विरत रहना, कुशल कार्यों का सम्पादन करना और स्वयं को निर्मल परिशुद्ध करना ही बुद्ध की धर्मदेशना है।" बाइ जुइ ने यह कहकर खण्डन किया कि "यह वही है जिसे तीन वर्ष का बच्चा भी जानता है।" जिसके प्रत्युत्तर में उन्होंने कहा, "जो तीन वर्ष का बच्चा जानता है, उसे अस्सी वर्ष का विज्ञ भद्र व्यक्ति भी अभ्यास में लाने में असक्षम है।"

हम इस मानव कमजोरी को कैसे दूर कर सकते हैं? हमारे सहयोगी, संघ, इसके लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं। हम अपने मन में मात्र अपने लिए संकल्प नहीं लेते हैं, बल्कि अपने अनेक सहयोगियों के समक्ष मुखर होकर संकल्प लेते हैं। इसे ही 'संकल्प लेना' कहते हैं।

आस्था का अभ्यास के लिए अपने मन में परिवर्तन लाना आवश्यक है, सभी लोग ऐसा स्वयं नहीं कर सकते हैं। संघ में हर किसी को, जिसने संकल्प लिया है, प्रत्येक व्यक्ति में निहित बुद्ध-स्वभाव की विद्यमानता में विश्वास होता है। संघ बड़े स्नेह से उन पर दृष्टि रखता है, यद्यपि वे कभी विफल होते हैं। संघ के प्रोत्साहनों और अपेक्षाओं के प्रति सदा सजग रहने से ही व्यक्ति परिवर्तित होता है।

From Kaisozuikan 9 (Kosei Publishing Co.), pp. 122-123

Living the Lotus
Vol. 158 (November 2018)

Senior Editor: Koichi Saito
Editor: Eriko Kanao
Copy Editor: Parmita Shekhar

Living the Lotus is published monthly by Rissho Kosei-kai International, Fumon Media Center, 2-7-1 Wada, Suginami-ku, Tokyo 166-8537, Japan.
TEL: +81-3-5341-1124
FAX: +81-3-5341-1224
Email: living.the.lotus.rk-international

रिश्शो कोसेईकाई गृहस्थों की संस्था है जिसका पवित्र ग्रन्थ सद्धर्म पुण्डरीक सूत्र एवं अन्य दो लघु सूत्रों का संकलन है। इस संस्था को संस्थापक निक्क्यो निवानो एवं सह-संस्थापक म्योको नागानुमा ने सन् १९३८ ई० में स्थापित किया था। यह उन साधारण स्त्रियों एवं पुरुषों की संस्था है जिन्हें बुद्ध में श्रद्धाविश्वास है तथा जो बुद्ध के उपदेशों के अनुसार चलते हुए अपने आध्यत्मिक जीवन को समृद्ध बनाते हैं।

प्रेसिडेण्ट का दिशानिर्देश निचिको निवानो, के अन्तर्गत हम देश एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तरों पर अन्य सस्थाओं के साथ मिलकर शान्ति एव कल्याण के लिये तत्पर होकर परोपकार के कार्य में सलग्न हैं।

"लिविंग द लोटस्: बुद्धिज्म इन एवरीडे लाइफ" का उद्देश्य यह दर्शाना है कि जैसे सरोवर के कीचड़ से निकलकर कमल खिलता है वैसे ही पुण्डरीक सूत्र की शिक्षा का दैनिक जीवन में अनुशरण के प्रयास से हमारा जीवन समृद्ध बनता है, हमारा जीना सार्थक होता है। इसका संस्करण के माध्यम से दुनियाँ में लोगों के दैनिक जीवन में बौद्धधर्म की शिक्षा को सरल बोधगम्य बनाना है।

President's Message

हमेशा दूसरों के प्रति अनुकम्पा का संवर्धन करना

निचिको निवानो
प्रेसिडेण्ट, रिश्शो कोसेइ काइ

शान्तिमय समय सही समय है

गर्म झरनों की गर्मी का आनंद लेने का सुखद मौसम हमारे सामने है। गर्म जल से भरे टब में शरीर को भिगोना, अपने आप में मरमराना, "आह, यह स्वर्ग है" -- इन क्षणों में, बहुत से लोग शांति के अनुभव में सराबोर होते हैं।

जब हम एक सुखद समय का आनंद ले रहे हैं, और हमारा मन शान्त और अपने आप में मुग्ध है, उदाहरण के लिए, जब हम गर्म झरने में शरीर को भिगो रहे हैं, तो क्या हम चिंता और शिकायत जैसी भावनाओं से मन को मुक्त नहीं रख सकते हैं? भ्रम और आसक्तियों पर पकड़ ढीला हो जाता है और हमारे मन से दूर हो जाते हैं, जिस को हम पर कोई नियंत्रण नहीं होता है, और हम पूरी तरह से शांत और संतुष्ट होते हैं।

बुद्ध के लिए चीनी कैरक्टर को जापानी में होतोके पढ़ते हैं। एक व्याख्या के अनुसार होतोके शब्द होदोकेरु क्रिया से आया है, जिसका अर्थ "आसक्तियों से मुक्त होना" है। इसलिए, हम कह सकते हैं कि यदि आप थोड़ी देर के लिए ही बिना किसी चिन्ता या परेशानी के शांन्त रह सकते हैं, तो आप किसी के भी बंधन से मुक्त हैं और बुद्ध के अवस्था में पहुँच गए हैं।

संयोग से, बौद्ध की देशना हमें बताता है कि "हमारे मन का हमेशा सही दिशा की ओर मुड़ जाना" महत्वपूर्ण है। यह "सम्यक स्मृति" है, जो आष्टांगिक मार्ग का सप्तम अंग है जिसका शाक्यमुनि ने धर्म के धर्मचक्र प्रवर्तन के प्रथम धर्मोपदपेश में वर्णन किया है।

हालाँकि, मुझे लगता है कि बहुत से लोग स्वीकार करेंगे कि वे वास्तव में नहीं जानते कि "सही दिशा" क्या है। मात्र कहते हैं कि यह आपके मन को बुद्ध और सत्य की ओर मोड़ना है, लेकिन मुझे लगता है कि कुछ लोग फिर भी कह सकते हैं कि यह समझना थोड़ा मुश्किल है। मैं अपने ढंग से इसे किस रूप में समझता हूँ, इसकी व्याख्या है, जैसा कि मैंने पूर्व उल्लेख किया है, "एक सुखद समय है, जब आपका मन शांत और आसक्तियों से मुक्त होता है।" मुझे लगता है कि यह वही समय है जब आपका मन सम्यक मार्ग की ओर मुड़ गया है।

फिर भी, आपका मन हमेशा सही सम्यक दृष्टि की ओर मुड़ा रहे, या केवल एक पल या थोड़ी देर के लिए, एक और जटिल समस्या है।

दूसरों को मुक्त कराने में सक्षम होने की आशा

समेकित त्रिविध पुण्डरीक सूत्र के बोधिसत्त्व समन्तभद्र ध्यानविधि सूत्र में एक प्रश्न है जिसे हम वास्तव में पूछना चाहते हैं: किसी को क्या करना चाहिए, "यदि वह निर्वाण नगर में सदा वास करना चाहता है, और शान्त मन से सुख में रहना चाहता हैं।" (अर्थात्, यदि आप सभी शंका और भ्रम से दूर रहना और अपने मन को शांत और स्थिर रखना चाहते हैं?) गाथा की अगली पंक्तियाँ उत्तर प्रदान करती हैं।

किसी को भी महायान सूत्रों का पाठ करना चाहिए,
और बोधिसत्व की माँ पर चिन्तन करना चाहिए।

दूसरे शब्दों में, प्रातः और संध्या में सूत्रों के आदतन पाठ के माध्यम से, हम आशा करते हैं कि हमें अपने जीवन जीने के लिए, अधिक से अधिक, दूसरों के प्रति अनुकम्पा और उनकी चिन्ता होनी चाहिए। हमेशा खुशी से और अबाध जीवन जीने का यह एक महत्वपूर्ण संकेत है। हमने इसकी आशा नहीं की थी, लेकिन हमारे लिए यह एक बहुत ही परिचित अभ्यास है, है ना? इसके अलावा, "दूसरों के लिए चिन्ति होना" कोई आदेश नहीं है, बल्कि हमारा दूसरों के प्रति अधिक चिन्तित होना यह संकेत है जो कितना महत्वपूर्ण है। यह मान लेना आसान है कि हम दूसरों के प्रति करुणा के साथ जीने की इच्छा रखते है।

कभी-कभी, मैंने किसी को शिकायत करते सुना है कि "मैं सिर्फ दया दिखाने वाला नहीं बन सकता हूँ।" हालाँकि, यह ठीक है क्योंकि वह व्यक्ति चाहता है कि वह दूसरों के लिए अधिक सद्भाव से रह सके या किसी और को मुक्त करने में सक्षम हो सके या इसके संबन्ध में चिंता करता है। दूसरे शब्दों में, उस व्यक्ति का मन पहले से ही दूसरों के बारे में सोचने में मन सिद्धहस्त है।

फिर भी, जब आप पाते हैं कि आप मन की विकृतियों से विचलित हैं और शांत होने से बहुत दूर है, तो होसाई ओजाकी (1885-1926) की एक कविता एक अच्छा संदर्भ बन सकती है।

मन को दूर करो,
दूसरों को बुरा बोलने से,
और केवल सेम छीलते रहो।

जब क्रोध या लालच जैसी भावनाएँ आपके मन पर नियंत्रण कर रही हैं, तो आपके सामने जो भी काम है, उसमें स्वयं को समर्पित कर दे - मन को सम्यक मार्ग पर लाने की यही एक विधि है।

इसके अलावा, कुछ लोग "देखभाल करने में" या "चौकसी रखने में" को सम्यक स्मृति बोले हैं। सोशित्सु सेन XV (जन्म 1923), चाय विधि के उरासेन्के स्कूल के पूर्व हेडमास्टर (इएमोतो) ने कहा है, "किसी की सेवा करने में, मेरा एकमात्र विचार है, 'आप खुश रहें।' "यहाँ और अभी" विकृतियों को दूर करें और अपने आप पर ध्यान केंद्रित करें। "इसके अलावा, आप को अपने विभिन्न विचारों को अलग कर देना है और उम्मीद करना है कि अन्य लोगों को खुशी का अनुभव हो और आनन्दित रहें, और आपका मन एक पर केंद्रित रहे। यह एक अलग प्रकार की सम्यक स्मृति है।

आष्टांगिक मार्ग की व्याख्या में, हम सम्यक स्मृति के मूलभूत अभ्यास तक पहुँच चुके हैं। जब आप अपने मन को खुशी तथा सुख से भर देते हैं, जो दूसरों का सद्भावपूर्ण ख्याल रखने से आता है, आप वास्तव में सम्यक समाधि के अभ्यास से अर्जित गुणों से जीवन को परिपूर्ण करने की स्थिति में है, जो परे का अन्तिम अंग है।

From Kosei, November 2018.

समेकित त्रिविध पुण्डरीक सूत्रः प्रत्येक अध्याय का सारांश एवं मुख्य बिन्दुयें

त्रिविध पुण्डरीक सूत्र

अध्याय 3 एक दृष्टांत

इस अध्याय के साथ, पुण्डरीक सूत्र बहुत सरल हो जाता है। बुद्ध की शिक्षा अब तक सैद्धान्तिक और दार्शनिक रही है, लेकिन यहाँ एक दृष्टांत के आरंभ के साथ, साधारण लोगों के सरलता से समझने वाली शैली अचानक परिवर्तित हो जाता है।

बुद्धत्व का आश्वासन मिला

सूत्र के दूसरे परिवर्त का अन्त शाक्यमुनि के इस कथन के साथ होता है कि सभी बुद्ध बनेंगे। तदुपरान्त शारिपुत्र का चेहरा खुशी से खिल उठा, वे बुद्ध का नमन करने के लिए आसन से उठे और मिले आश्वासन पर अपने उल्लास को व्यक्त किया।

अब शारिपुत्र की खुशी सीधे बुद्ध के बयान से उपजी है कि सभी बुद्ध बन जाएंगे, लेकिन उन्हें अपने स्वयं के बुद्ध बनने की विशेष भविष्यवाणी से अत्यधिक खुशी हुई। अभी तक वे स्वयं को एक श्रावक के रूप में देख रहे थे, स्पष्ट रूप से बोधिसत्त्व के नीचे स्तर का। शायद ही कभी उनके मन में आया होगा कि वे स्वयं बुद्ध बनने के उच्चतम अवस्था तक पहुँच सकते हैं।

उपाय कौशल्य परिवर्त में यह कहा गया है कि "कोई अन्य यान नहीं है, बल्कि केवल एक बुद्ध यान है," जो स्पष्ट करता है कि बुद्धत्व का मार्ग एक है, कोई दूसरा या तीसरा मार्ग नहीं है। इसके उपरान्त, उसी परिवर्त के अंत में शाक्यमुनि ने कहा है कि वे यहाँ बोधिसत्त्व को प्रशिक्षण देने के लिए हैं और यहाँ कोई श्रावका शिष्य नहीं है, जिसका अर्थ है कि सभी शिष्य बोधिसत्व हैं एवं कोई श्रावका नहीं हैं। और फिर, अंत में उन्होने कहा, "हृदय से आनंद लें और जानें कि आप सब भी बुद्ध बनेंगे।" इसलिए, जो स्वयं को श्रावकों के "हाई स्कूल" के छात्र के रूप में सोचते थे, यह सुनकर उनको बोध हुआ कि वे बोधिसत्त्व के "कॉलेज" के हैं। अपनी समकालीन भाषा में कहें तो, जब वे सोचते है कि वे केवल हाईस्कूल के छात्र है, वास्तव में पूर्व से कॉलेज के छात्र है।इसके अतिरिक्त, चूँकि बोधिसत्त्वों के कॉलेज में बुद्धत्व का पाठ्य क्रम चलता है। यदि वे अभ्यास करना जारी रखते हैं, तो वे बुद्ध बन जाएँगे, और वे इस सत्य को अपने हृदय के अन्तःकरण से स्पष्ट रूप से अनुभव करते हैं। कैसे वे आनन्दित नहीं होंगे?

इसलिए, शारिपुत्र ने अपना आभार प्रकट किया, साथ ही सच्चे मन से अपनी विगत असफलताओं को स्वीकार किया और उनके लिए पश्चाताप किया। बदले में, बुद्ध ने शारिपुत्र के ज्ञान की पुष्टि की और उनके बुद्ध बनने की घोषणा की। यह श्रावक शिष्यों के बुद्ध बनने के आश्वासनों में प्रथम था। तदुपरान्त करीब के शिष्यों को बुद्धत्व प्राप्ति का आश्वासन मिला। इस अर्थ में पुण्डरीक सूत्र को बुद्धत्त्व प्राप्ति का आश्वासन देने के सूत्र के रूप में माना जा सकता है--एक बड़ा भेद - क्योंकि यह सूत्र सभी लोगों को आश्वासन देता है कि वे बुद्ध बन सकते हैं।

पाठ पर लौटने के लिए, हम शारिपुत्र के आश्वान के गद्य भाग को पहले पढ़ते हैं, फिर गाथा में। वे बुद्ध के सम्यक सम्बोधि ज्ञान को प्राप्त कर वह पारमार्थिक धर्मदेशना का उपदेश कर अनेकों को प्रवर्तित करेंगे। शारिपुत्र स्वयं सन्तुष्ट हैं, लेकिन वह बारह सौ अन्य लोगों के लिए चिन्तित हैं जो बुद्ध की धर्मदेशना की गहराई से परेशान हैं, और उन्होंने इस कठिनाइयों को दूर करने की याचना की।

तदुपरान्त, लोकप्रतिष्ठ शाक्यमुनि ने जलते महल के दृष्टांत को कहा।

जलते महल का दृष्टांत

किसी देश के एक शहर में एक बड़ा धनाढ्य बृद्ध पुरुष था।उसका एक बड़ा महल था लेकिन उसमें केवल एक संकीर्ण द्वार था।वह भयावह रूप से जीर्णशीर्ण हो गया था। अचानक एक दिन उसमें आग लग गयी और तेजी से आग की लपटें फैलने लगीं। बृद्ध पुरुष के कई बच्चे अंदर ही थे। उन्होंने उन्हें बाहर आने के लिए आग्रह किया, लेकिन वे सभी खेल में मग्न थे। हालाँकि यह निश्चित लग रहा था कि वे अन्दर में आग से जल जाएँगे, लेकिन उन्होंने कोई ध्यान नहीं दिया और नहीं उनमें बाहर निकलने की कोई चेष्टा ही थी।

बृद्ध पुरुष ने एक पल सोचा। मैं बहुत मजबूत हूँ और उन्हें किसी भी प्रकार के खुले बॉक्स में बैठा कर एक साथ बाहर ला सकता हूँ। लेकिन फिर उसने सोचा कि अगर मैंने ऐसा किया तो कुछ गिर सकते हैं और जल जा सकते हैं। इसलिए उसने आग से जलने का भय दिखाकर स्वयं बाहर निकल आने की चेतावनी देने का निर्णय़ लिया।

बृद्ध पुरुष ने एक जोर की आवाज देकर आग का भय दिखाया और शीघ्र बाहर आने को कहा, लेकिन बच्चों ने केवल देखा और चेतावनी पर ध्यान नहीं दिया।

तब बृद्ध पुरुष को याद आया कि उसके सभी बच्चों को वाहन पसन्द हैं। इसलिए उसने उन्हें बाहर आने के लिए वाहन का प्रलोभन देकर बुलाया और कहा कि तुम सबके लिए मनपसन्द छागल वाहनें, हिरण वाहनें, और उषभ वाहनें बाहर खड़ी हैं।

जब बच्चों ने यह सुना, उनका ध्यान आखिरकार इस ओर गया और वे एक दूसरे के ऊपर गिरते पड़ते जलते महल से सुरक्षित बाहर निकलने में समर्थ हो गये। बुद्ध ने सब को सुरक्षित देखकर निश्चिंत हुए। जैसे ही उन्होंने अपना अपना वाहन माँगा, बृद्ध पिता ने उनमें से प्रत्येक को सामान्य वाहनें नहीं दिया, बल्कि सबको अमूल्य वस्तुओं से अलंकृत उकृष्ट सफेद उषभ से जुड़े शानदार वाहनें दिया।

यद्यपि पाठक शायद इस दृष्टांत के अर्थ को पहले ही समझ गये हैं, लेकिन हम यह बताकर आगे बढ़ सकते हैं कि बुद्ध ही पिता के रूप में हैं। बच्चे हम सब साधारण जन हैं, अन्य नहीं है। जबकि जीर्ण शीर्ण महल हमारे अपने समाज का प्रतीक है, और आग हमारा शारीरिक और मानसिक भ्रम है। यह भ्रम मानव प्राणी के दुःखों का कारण है। क्योंकि हम पूरी तरह से भौतिक वस्तुओं और भौतिक जीवन में आसक्त हैं, इसलिए हमें अपनी आध्यात्मिक स्वतंत्रता नहीं है और पीड़ित होते हैं। इसके अलावा, मूर्ख जीवित प्राणियों को यह भी पता नहीं है कि उनके पास कोई आध्यात्मिक स्वतंत्रता नहीं है, और इस कारण से वे समझ नहीं पाते हैं कि वे अपने भ्रम की आग से भस्म होने वाले हैं। उनका मन पूरी तरह से अपने दैनिक जीवन में संलग्न है।

शाक्यमुनि ने मानव प्राणियों को दुःखों से मुक्त कराने के लिए, विविध देशनाओं का उपदेश किया। मनुष्य विभिन्न प्रकृति के हैं, और यहाँ तक कि मुक्ति के मार्ग के साधकों में भी श्रावक हैं, जिन्होंने सच्ची धर्मदेशनायें सुनी है और अपने भ्रम को दूर करने का प्रयास करते हैं; प्रत्येक बुद्ध हैं, जो स्वयं अपने ध्यान और चिन्तन से स्वयं मार्ग की खोज में व्यस्त हैं; और बोधिसत्व हैं जो सम्यक सम्बोधि ज्ञान की गवेषणा में लगे हैं। साथ ही, वे सभी प्राणियों की मुक्ति के लिए अपने को समर्पित कर दिया है। जब लोग बुद्ध की धर्मदेशना में कुछ पाते हैं, जो वास्तव में उनके मनोनुकूल है, वे धर्म में अनायास ही खींचे चले आते हैं। उन सभी बच्चों को इच्छित वाहनों का प्रलोभन देकर सुरक्षित बाहर निकालना इस दृष्टांत का आशय है।

बुद्ध की धर्मदेशना एक है

ऐसा है कि, हालाँकि बुद्ध की धर्मदेशना अंततः केवल बुद्धत्व प्राप्ति का मार्ग है, प्रारंभिक चरणों में धर्मदेशना का विभिन्न युक्तियों और उपायकौशल्य के माध्यम से उद्बोधन हुआ है।लोगों ने स्वयं को विकसित करने के लिए व्यक्तिगत प्रवृति के अनुसार धर्मदेशना को ग्रहण किया। लेकिन जब वे अभ्यास करके उच्च स्तर पर पहुँच गये, तो पाया कि सभी मार्ग अन्ततः एक मार्ग में परिणत हो जाते हैं। और वह एक मार्ग बुद्धत्व प्राप्ति का मार्ग है। ऐसा बोध होना कि जिस मार्ग को दूसरे या तीसरे स्तर का सोचकर अनुसरण किया था, वह वास्तव में परमार्थ सत्य का मार्ग साबित हुआ, जो शांति, आशा और खुशी का कारण है। यह वैसा ही है जैसा कि बच्चों ने सोचा था कि उन्हें मनपसन्द अज गाड़ियाँ, हिरण गाड़ियाँ, और उषभ गाड़ियाँ मिलेंगी, परन्तु सभी को समान उत्कृष्ट सफेद उषभ जुड़ा वाहन का उपहार मिलने की अप्रत्याशित खुशी मिली, जो सबसे उत्कृष्ट बुद्धत्व का मार्ग है।

इस तरह से पढ़ना, मानो यह पंक्तियों के बीच का अर्थ है। अभी वर्णित इस मूल अर्थ के अतिरिक्त किसी को भी अन्य महत्वपूर्ण शिक्षायें मिल सकती हैं।

निक्क्यो निवानो "सद्धर्म तृपाठको सबै अंशको सरांस र मुल अर्थ"
(नयाँ प्रकाशण) कोसेइ प्रकाशण 2016, पेज 42-49

हमेशा दूसरों के प्रति अनुकम्पा का संवर्धन करना

नवंबर में, रिशो कोसेइ काइ संस्थापक निक्क्यो निवानो के जन्म का वर्षगाँठ मनाता है। नवंबर हमारे लिए वर्ष का सबसे अधिक आनंददायक महीनों में से एक है। यह संस्थापक के प्रति अपनी कृतज्ञता के ऋण को चुकाने के रूप में बोधिसत्व चर्या के पालन में अपने को समर्पित करने का उपयुक्त समय है, और मैं परिश्रम के नवीकरण के साथ स्वयं को समर्पित करने का संकल्प ले रहा हूँ।

सबसे महत्वपूर्ण बोधिसत्त्व का दान चर्या है। मैं आशा करता हूँ कि इस अवसर पर हम संस्थापक के प्रति आभार प्रकट करने हेतु मुद्रादान करेंगे, क्योंकि हमारा वर्तमान आनन्दमय जीवन उनकी और उनकी शिक्षा की देन है। क्या यह अत्युतम नहीं होगा कि हमें इस वर्ष मिले मार्गदर्शन और समर्थन के लिए आभार प्रकट करने हेतु और रिश्शो कोसेइ काइ की स्थापना के अस्सीवाँ वर्षगाँठ पर धन्यवाद ज्ञापन के रूप में दान करना चाहिए?

प्रचार प्रसार का अभ्यास करना, दूसरों को धर्म से जोड़ना, विशेष कर इस आशय से कि जितना अधिक संभव हो उतने लोगों को पुण्डरीक सूत्र की शिक्षा के माध्यम से आनन्दमय जीवन प्राप्त हो सके, यह स्वयं दान का अभ्यास है, और यह हमारे लिए सबसे मूल्यवान बोधिसत्त्व चर्या के प्रति आभार प्रकट करने का माध्यम है।

संस्थापक के कदमों का अनुशरण करते हुए, जिन्होंने लोगों और संसार के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित किया है, आइए हम भी दूसरों के लिए अपनी अनुकम्पा का संवर्धन करें और बोधिसत्त्व चर्या के अभ्यास का परिश्रमपूर्वक प्रयास करें, जिससे हमारी आँखों के सामने की चीजों को हमारे ध्यान का सर्वोत्तम लाभ मिल सके!

रेवरेन्ट कोईची साइतो
निदेशक, रिश्शो कोसेइ काइ इन्टरनेशनल



RISSHO KOSEI-KAI INTERNATIONAL BRANCHES

Welcome comments on our newsletter Living the Lotus: living.the.lotus.rk-international@kosei-kai.or.jp

Rissho Kosei-kai
Overseas Dharma Centers 2018

Rissho Kosei-kai International
Fumon Media Center 3F, 2-7-1 Wada, Suginami-ku, Tokyo, Japan
Tel: 81-3-5341-1124 *Fax:* 81-3-5341-1224

Rissho Kosei-kai International of North America (RKINA)
2707 East First Street Suite #1 Los Angeles CA 90033 U.S.A
Tel: 1-323-262-4430 *Fax:* 1-323-262-4437
e-mail: info@rkina.org http://www.rkina.org

Branch under RKINA

Rissho Kosei-kai of Seattle's Buddhist Learning Center
28621 Pacific Highway South, Federal Way,
WA 98003 U.S.A.
Tel: 1-253-945-0024 *Fax:* 1-253-945-0261
e-mail: rkseattlewashington@gmail.com
http://buddhistlearningcenter.org/

Rissho Kosei-kai Buddhist Center of San Antonio
6083 Babcock Road, San Antonio, TX 78240, U.S.A.
P.O. Box 692148, San Antonio, TX78269, USA
Tel: 1-210-561-7991 *Fax:* 1-210-696-7745
e-mail: dharmasanantonio@gmail.com
http://www.rkina.org/sanantonio.html

Rissho Kosei-kai of Tampa Bay
2470 Nursery Road, Clearwater, FL 33764, U.S.A.
Tel: (727) 560-2927 *e-mail*: rktampabay@yahoo.com
http://www.buddhismtampabay.org/

Rissho Kosei-kai of Vancouver

Rissho Kosei-kai Buddhist Church of Hawaii
2280 Auhuhu Street, Pearl City, HI 96782, U.S.A.
Tel: 1-808-455-3212 *Fax:* 1-808-455-4633
e-mail: info@rkhawaii.org http://www.rkhawaii.org

Rissho Kosei-kai Maui Dharma Center
1817 Nani Street, Wailuku, HI 96793, U.S.A.
Tel: 1-808-242-6175 *Fax:* 1-808-244-4625

Rissho Kosei-kai Kona Dharma Center
73-4592 Mamalahoa Highway, Kailua-Kona,
HI 96740 U.S.A.
Tel: 1-808-325-0015 *Fax:* 1-808-333-5537

Rissho Kosei-kai Buddhist Center of Los Angeles
2707 East First Street, Los Angeles, CA 90033, U.S.A.
Tel: 1-323-269-4741 *Fax:* 1-323-269-4567
e-mail: rk-la@sbcglobal.net http://www.rkina.org/losangeles.html

Rissho Kosei-kai Buddhist Center of Arizona
Rissho Kosei-kai Buddhist Center of Colorado
Rissho Kosei-kai Buddhist Center of San Diego
Rissho Kosei-kai Buddhist Center of Las Vegas
Rissho Kosei-kai Buddhist Center of Dallas

Rissho Kosei-kai of San Francisco
1031 Valencia Way, Pacifica, CA 94044, U.S.A.
Tel: 1-650-359-6951
e-mail: info@rksf.org http://www.rksf.org

Rissho Kosei-kai of Sacramento
Rissho Kosei-kai of San Jose

Rissho Kosei-kai of New York
320 East 39th Street, New York, NY 10016 U.S.A.
Tel: 1-212-867-5677 *Fax:* 1-212-697-6499
e-mail: rkny39@gmail.com http://rk-ny.org/

Rissho Kosei-kai of Chicago
1 West Euclid Ave., Mt. Prospect, IL 60056 U.S.A.
Tel : 1-773-842-5654 *e-mail:* murakami4838@aol.com
http://home.earthlink.net/~rkchi/

Rissho Kosei-kai of Fort Myers
http://www.rkftmyersbuddhism.org/

Rissho Kosei-kai Dharma Center of Oklahoma
2745 N.W. 40th Street, Oklahoma City, OK 73112 U.S.A.
Tel & Fax: 1-405-943-5030
e-mail: rkokdc@gmail.com http://www.rkok-dharmacenter.org

Rissho Kosei-kai, Dharma Center of Denver
1255 Galapago Street, #809 Denver, CO 80204 U.S.A.
Tel: 1-303-446-0792

Rissho Kosei-kai Dharma Center of Dayton
425 Patterson Road, Dayton, OH 45419 U.S.A.
http://www.rkina-dayton.com/

Risho Kossei-kai do Brasil
Rua Dr. José Estefno 40, Vila Mariana, São Paulo-SP,
CEP 04116-060 Brasil
Tel: 55-11-5549-4446 / 55-11-5573-8377
Fax: 55-11-5549-4304
e-mail: risho@terra.com.br http://www.rkk.org.br

Risho Kossei-kai de Mogi das Cruzes
Av. Ipiranga 1575-Ap 1, Mogi das Cruzes-SP,
CEP 08730-000 Brasil
Tel: 55-11-5549-4446 / 55-11-5573-8377

Rissho Kosei-kai of Taipei
4F, No. 10 Hengyang Road, Jhongjheng District,
Taipei City 100 Taiwan
Tel: 886-2-2381-1632 *Fax:* 886-2-2331-3433
http://kosei-kai.blogspot.com/

Rissho Kosei-kai of Tainan
No. 45, Chongming 23rd Street, East District,
Tainan City 701 Taiwan
Tel: 886-6-289-1478 *Fax:* 886-6-289-1488

Korean Rissho Kosei-kai
6-3, 8 gil Hannamdaero Yongsan gu, Seoul, 04420, Republic of Korea
Tel: 82-2-796-5571 *Fax:* 82-2-796-1696
e-mail: krkk1125@hotmail.com

Korean Rissho Kosei-kai of Busan
3F, 174 Suyoung ro, Nam gu, Busan, 48460, Republic of Korea
Tel: 82-51-643-5571 *Fax:* 82-51-643-5572

Branches under the Headquarters

Rissho Kosei-kai of Hong Kong
Flat D, 5/F, Kiu Hing Mansion, 14 King's Road,
North Point, Hong Kong, Republic of China

Rissho Kosei-kai of Ulaanbaatar
15F Express tower, Peace avenue, khoroo-1, Chingeltei district,
Ulaanbaatar 15160, Mongolia
Tel: 976-70006960 *e-mail:* rkkmongolia@yahoo.co.jp

Rissho Kosei-kai of Sakhalin
4 Gruzinski Alley, Yuzhno-Sakhalinsk
693005, Russian Federation
Tel & Fax: 7-4242-77-05-14

Rissho Kosei-kai di Roma
Via Torino, 29-00184 Roma, Italia
Tel & Fax : 39-06-48913949 *e-mail:* roma@rk-euro.org

Rissho Kosei-kai of the UK
Rissho Kosei-kai of Venezia
Rissho Kosei-kai of Paris

International Buddhist Congregation (IBC)
Fumon Media Center 3F, 2-7-1 Wada, Suginami-ku, Tokyo, Japan
Tel: 81-3-5341-1230 *Fax:* 81-3-5341-1224
e-mail: ibcrk@kosei-kai.or.jp http://www.ibc-rk.org/

Rissho Kosei-kai of South Asia Division
201 Soi 15/1, Praram 9 Road, Bangkapi, Huaykhwang
Bangkok 10310, Thailand
Tel: 66-2-716-8141 *Fax*: 66-2-716-8218

Rissho Kosei-kai International of South Asia (RKISA)
201 Soi 15/1, Praram 9 Road, Bangkapi, Huaykhwang
Bangkok 10310, Thailand
Tel: 66-2-716-8141 *Fax*: 66-2-716-8218
e-mail: thairissho@csloxinfo.com

Branches under the South Asia Division

Rissho Kosei-kai of Delhi
77 Basement D.D.A. Site No. 1, New Rajinder Nagar, New Delhi
110060, India

Rissho Kosei-kai of Kolkata
E-243 B. P. Township, P. O. Panchasayar, Kolkata 700094, India

Rissho Kosei-kai of Kolkata North
AE/D/12 Arjunpur East, Teghoria, Kolkata 700059,
West Bengal, India

Rissho Kosei-kai of Bodhgaya
Ambedkar Nagar, West Police Line Road
Rumpur, Gaya-823001, Bihar, India

Rissho Kosei-kai of Kathmandu
Ward No. 3, Jhamsilhel, Sancepa-1, Lalitpur,
Kathmandu, Nepal

Rissho Kosei-kai of Phnom Penh
#201E2, St 128, Sangkat Mittapheap, Khan 7 Makara,
Phnom Penh, Cambodia

Rissho Kosei-kai of Patna
Rissho Kosei-kai of Singapore

Thai Rissho Friendship Foundation
201 Soi 15/1, Praram 9 Road, Bangkapi, Huaykhwang
Bangkok 10310, Thailand
Tel: 66-2-716-8141 *Fax:* 66-2-716-8218 *e-mail:* info.thairissho@gmail.com

Rissho Kosei-kai of Bangladesh
85/A Chanmari Road, Lalkhan Bazar, Chittagong, Bangladesh
Tel & Fax: 880-31-626575

Rissho Kosei-kai of Dhaka
House#408/8, Road#7(West), D.O.H.S Baridhara,
Dhaka Cant.-1206, Bangladesh
Tel: 880-2-8413855

Rissho Kosei-kai of Mayani
Mayani(Barua Para), Post Office: Abutorab, Police Station: Mirshari,
District: Chittagong, Bangladesh

Rissho Kosei-kai of Patiya
Patiya, sadar, Patiya, Chittagong, Bangladesh

Rissho Kosei-kai of Domdama
Domdama, Mirsarai, Chittagong, Bangladesh

Rissho Kosei-kai of Cox's Bazar
Ume Burmese Market, Main Road Teck Para, Cox'sbazar, Bangladesh

Rissho Kosei-kai of Satbaria
Satbaria, Hajirpara, Chandanish, Chittagong, Bangladesh

Rissho Kosei-kai of Laksham
Dupchar (West Para), Bhora Jatgat pur, Laksham, Comilla,
Bangladesh

Rissho Kosei-kai of Raozan
West Raozan, Ramjan Ali Hat, Raozan, Chittagong, Bangladesh

Rissho Kosei-kai of Chendirpuni
Chendirpuni, Adhunagor, Lohagara, Chittagong, Bangladesh

Rissho Kosei-kai of Ramu

Rissho Kosei Dhamma Foundation, Sri Lanka
No. 628-A, Station Road, Hunupitiya, Wattala, Sri Lanka
Tel: 94-11-2982406 *Fax*: 94-11-2982405

Rissho Kosei-kai of Habarana
151, Damulla Road, Habarana, Sri Lanka

Rissho Kosei-kai of Polonnaruwa

Other Groups

Rissho Kosei-kai Friends in Shanghai